बुधवार , 25 सितम्बर 2013

हिन्दुस्तान

19

# विशेषज्ञों ने बताए रेवेन्यू बढ़ाने के गुर



गोमतीनगर स्थित आईसीडब्लूएआई भवन में मंगलवार को प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।

**लखनऊ | निज संवाददाता**

आईसीडब्लूएआई और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के सहयोग से गोमतीनगर में दो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को गोमतीनगर स्थित आईसीडब्लूएआई भवन में प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।

वित्तीय रिकॉर्डों का गहन अध्ययन, एकाउंट बनाते समय रहने वाली कमियां, उत्पाद की सही मात्रा की जानकारी कैसे की जाए जैसे विषयों पर सेमिनार में आए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर और द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के करीब तीन सौ अधिकारी शामिल हुए जिसमें आयुक्त, उप आयुक्त और निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर के मुख्य आयुक्त करण के शर्मा और आईसीडब्लूएआई के अध्यक्ष एस सी मोहंती ने किया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ हिमांशु गुप्ता, जेपी मैग्नन, राकेश भल्ला और सुनील सिंह ने प्रशिक्षण प्रदान किया। अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी में जांच के दौरान कंपनी के भरे गए अधूरे फार्म, अकाउंट में गड़बड़ी और टैक्स की चोरी पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। ऐसा करने से सरकार को अधिक रेवेन्यू तो मिलेगा ही, साथ ही आधी-अधूरी जानकारी देकर विभाग को भ्रमित कर चूना लगाने वाली कंपनियों पर लगाम लगाई जा सकेगी।